# हाईकोर्ट के आदेश पर हिण्डोली क्षेत्र के तालाब गांव में जांच करने पहुंची सीबीआई टीम, साक्ष्य जुटाए

**बून्दी** (निसं)। हिण्डोली क्षेत्र के तालाब गाँव मे शनिवार को केंद्रीय जाँच एजेंसी सीबीआई की दस्तक से बजरी माफियाओं मे हड़कंप मच गया। सुबह सदर थाना पुलिस व हिंडोली पुलिस के जाप्ते के साथ सीबीआई टीम तालाब गाँव में जब्बार के घर पहुंचकर पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए।

अवैध खनन को लेकर ई कोर्ट ने की थी तल्खटिप्पणी:- अवैध बजरी खनन को लेकर पिछले दिनों हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी और अवैध खनन के गठजोड़ को लेकर सीबीआई को मिले जांच के निर्देश के बाद शनिवार को सीबीआई की टीम बूंदी के तालाब गांव में वर्ष 2023 के सदर थाने में दर्ज प्रकरण 527/2023 एमएमआरडी एक्ट अवैध बजरी से जुड़े मामले की जांच करने पहुंची।

टीम के बूंदी पहुंचते ही अवैध खनन से जुडे लोगों में हड़कंप मच गया। सीबीआई की टीम तालाब गांव में अवैध खनन से जुड़े लोगों से पूछताछ में जुटी है।

आरोपीकी याचिका पर दिए थे सीबीआई जांच के आदेश

हाई कोर्ट ने अवैध बजरी से जुड़े मामले में तालाब गांव निवासी जब्बार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए बजरी के अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग व पुलिस की कार्रवाई को लेकर तल्ख टिप्पणी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई को पूरे मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट में खनन और पुलिस विभाग अपने द्वारा की गई कार्रवाई से जुड़े तथ्य प्रस्तुत नहीं कर पाए थे। वहीं, अवैध खनन को लेकर पुलिस व खनन विभाग की उदासीनता की ओर इशारा किया था। गौरतलब है कि अवैध बजरी खनन और बजरी के अवैध भंडारण को लेकर तालाब गांव काफी चर्चा में रहता आया है।

इस लिए बूंदी आई सीबीआई टीम

हाई कोर्ट ने बजरी चोरी, अवैध खनन और परिवहन से जुड़े मामलों में पुलिस व खान विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने माना कि प्रथम दृष्टया लगता है कि पुलिस व खान विभाग की बजरी माफिया से मिलीभगत है। कोर्ट ने बूंदी के सदर पुलिस थाने में दर्ज बजरी चोरी के मामले की जांच राज्य पुलिस से लेकर सीबीआई को देने के निर्देश दिए हैं।



हिण्डोली क्षेत्र के तालाब गांव में केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की दस्तक से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया।

साथ ही अदालत ने सीबीआई को मौजूदा मामले सहित चंबल व बनास के पास के समान मामलों में भू-माफियाओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर में भी जांच के निर्देश दिए।

जस्टिस समीर जैन ने यह निर्देश बजरी चोरी मामले में आरोपी जब्बार की जमानत याचिका पर दिया था।

अदालत ने कहा कि राज्य सरकार बजरी माफिया के खिलाफ अभियान चलाती है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती।

■ **बजरी माफियाओं में हड़कंप मचा**

ऐसा लगता है कि सरकार व उसके अफसरों को अदालत के निर्देशों की कोई परवाह नहीं है। सरकारी वकील शेरसिंह महला ने अदालत को बताया था कि पूर्व में गृह सचिव से इस मामले को लेकर कार्रवाई का एक्शन प्लान मांगा था। उन्होंने होम विभाग व बूंदी एसपी को ईमेल व अन्य माध्यमों से अदालत के आदेश से अवगत करा दिया था। लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हुई है। अवैध खनन व चोरी से सरकार को रॉयल्टी का भारी नुकसान हो रहा है।

सदर थाना पुलिस व माइनिंग अधिकारियों की कार्रवाई शक के घेरे में फिलहाल मामले मे सीबीआई के अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे है। बजरी परिवहन को लेकर खनीज विभाग व पुलिस के अन्य अधिकारी भी सीबीआई के राड़ार पर हैं।

## लोधा समाज का प्रथम निःशुल्क सामुहिक विवाह सम्मेलन आज

**छबड़ा** (निसं)। लोधा "लववंशी" समाज द्वारा निःशुल्क प्रथम सामुहिक विवाह सम्मेलन अलीनगर में रविवार को आयोजित होगा। इस सम्मेलन की पहल गांव सेमला, सेमली, घाटाखेड़ी, बांकखेड़ा, जामुनिया जागीर, मोतीपुरा, खानपुरा, टूटीबरड़ि, रगसपुरिया द्वारा की गई ओर यह सम्मेलन बारां-झालावाड़ (राजस्थान) एवं गुना (मध्यप्रदेश) के समाज के भामाशाहों के सहयोग से सम्पन्न होगा। सम्मेलन समिति के सदस्य जगदीश लोधा ने बताया कि यह निःशुल्क विवाह सम्मेलन, एक महत्वपूर्ण कदम है जो समाज के हित में होने के साथ इस सम्मेलन के माध्यम से हम लोग एक साथ आकर एक नई परंपरा की शुरुआत कर रहे हैं, जो सामाजिक और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देगी। इसका मुख्य उद्देश्य विवाह के प्रारंभिक खर्चों को कम करना है, ताकि गरीब वर्ग के लोग भी अपने सपनों को पूरा कर सकें। यह सम्मेलन समाज में बदलाव लाने का भी माध्यम है, जैसे समाज में समानता और महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार। आज इस सम्मेलन के माध्यम से 101 जोड़े अपने दाम्पत्य जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे है। इस निःशुल्क विवाह सम्मेलन के दौरान ही इस अद्भुत पहल में जिन भी महानुभावों समाज के भामाशाहों ने सहयोग किया उनका सम्मान समारोह का कार्यक्रम भी आज ही आयोजित होगा। इस सम्मेलन में 10 हजार से अधिक आमजन भाग लेंगे।

## रक्तदान शिविर आज

**बून्दी** (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बून्दी केन्द्र द्वारा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित किए जा रहे भाव सुमनांजली कार्यक्रम के तहत रविवार 28 अप्रेल को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी ने बताया कि 28 अप्रैल रविवार प्रातः 10 बजे तिरुपति विहार स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में रक्तदान शिविर एवं भाव सुमनांजली आयोजित किया जाएगा।, जिसमें निस्वार्थ सेवा के उद्देश्य से स्वेच्छिक रक्तदान किया जाएगा।

# इनरव्हील क्लब ने आईसीयू वार्ड में बेंच भेंट की




सेवा भावी कार्यों के तहत इनरव्हील क्लब ने सरकारी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में बेंच लगवाई।

**बून्दी** (निसं)। सेवा भावी कार्यों के तहत इनरव्हील क्लब द्वारा सरकारी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में दो बैंचे लगवाई गई। गौरतलब हैं कि बैंचों की कमी की वजह से मरीजों के परिवारवालों को चहुत परेशानी उठानी पड़ती थी।

इस अवसर पर पीएमओ डॉ. प्रभाकर विजय, डॉ. हरीश तिवारी, डॉ. सुरेश अग्रवाल, डॉ. महेंद्र चौहान, इनरव्हील अध्यक्ष सुनिता सोमानी, रजनी नुवाल, निता गुप्ता, पूर्णिमा दीक्षित, पुष्पा चौधरी, सुलोचना शर्मा, सरोज न्याती, अंकिता अग्रवाल, श्वेता भंडारी मौजूद रही।

## पीटीईटी के आवेदन हेतु अंतिम अवसर 30 अप्रेल तक

**बून्दी** (निसं)। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को पीटीईटी परीक्षा के आवेदन करने का एक मौका ओर मिला हैं। पूर्व में 6 मार्च से 15 अप्रेल तक ऑनलाइन आवेदन करने से वंचित रहे अभ्यर्थी अब तीस अप्रेल तक आवेदन कर सकते हैं।

राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य एवं जिला समन्वयक प्रो. अनिता यादव ने बताया कि बीएड पाठ्यक्रम के लिए होने वाली पीटीईटी की परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई हैं, जो पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रेल निर्धारित थी।

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय द्वारा पीटीईटी की परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार 9 जून 2024 को आयोजित की जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी-2024 की वेबसाइट2024. एवं ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# पुण्यतिथि पर पुण्यार्थ कार्यों के साथ 11 जनों ने रक्तदान किया

**बून्दी** (निसं)। शहर के प्रतिष्ठित एवं युवा व्यवसायी रहे गौरव बांगड गोलू की तृतीय पुण्यतिथि पर सेवा व पुण्यार्थ के कार्यों के साथ 11 जनों ने रक्तदान किया।

जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में शनिवार को आयोजित शिविर में भाजपा नेता संजय लाठी, अमित बांगड़, अमित बिरला, आकाश बहेड़िया, सुमित बांगड़, महेन्द्र सिंह, मुकेश भट्ट, राजरतन गौड़ आदि ने रक्तदान किया। विगत दिनों से ब्लड बैंक में आ रही रक्त की कमी को पूरा करने का एक छोटा सा प्रयास बताया।

इससे पूर्व शिविर की शुरुआत भाजपा नेता संजय लाठी ने स्मृति शेष गौरव बांगड़ के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। उपस्थित परिजनों व शुभचिंतको ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। शिविर में ब्लड बैंक टीम के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु सैन, स्टाफ इंचार्ज



बून्दी शहर के प्रतिष्ठित एवं युवा व्यवसायी रहे गौरव बांगड़ की पुण्यतिथि पर सेवा व पुण्यार्थ के कार्यों के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

नारायण सिंह हाड़ा, तकनीकी सहायक पूर्णानंद चितौडा, नर्सिंग ऑफिसर तजेंद्र कौर, एलटी दिव्या शर्मा, काउंसलर लक्ष्मी गुर्जर ने अपनी सेवाएं देकर सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## आज भी जमा बिजली बिल होंगे

**कोटा,** (निसं)। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केईडीएल ने रविवार 28 अप्रैल को भी बिजली बिल जमा करने का निर्णय लिया है। केईडीएल के कामर्शियल हैड रविशंकर शुक्ला ने बताया कि केईडीएल के सभी केश काउंटर 28 अप्रैल को सुबह 9.30 से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे। शहर के किसी भी क्षेत्र के उपभोक्ता केईडीएल के किसी भी बिल संग्रहण केन्द्र पर बिल जमा करा सकते हैं।

## माता रानी के दर्शन किये

**मांगरोल** (निसं)। कस्बे में वैशाक शुद्धि महा की बडी चौथ पर महिलाओ भक्तजनौ चौथ माता रानी का ब्रत रखा तथा तहसील रोड मैला ग्रावंड में चौथ माता रानी के नारियल अगरबती जलाकर प्रर्थना की तथा रात्री 9 बजे चांद देखकर पुजा अर्चना कर अपना ब्रत खोला गया। मातारानी के दरबार हजारो महिला व भक्तजनौ दर्शन किये।

# स्कूल में बच्चों को जूते-चप्पल वितरित किये

**बून्दी** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बीबनवा में भीषण गर्मी को मध्यनजर रखते हुए शनिवार को भामाशाहों द्वारा बच्चों को जूते चप्पल वितरित किए गए। विद्यालय में कक्षा एक से 8 के बालकों को भामाशाह गोपाल सिंह एवं प्रशांत सिंह आमेरा द्वारा जूते चप्पल वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रबोधक मोहम्मद नफीस

■ **संस्था प्रधान मनोज कुमार मेघवाल ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया**

ने किया। संस्था प्रधान मनोज कुमार मेघवाल ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंचायत प्रसार शिक्षा अधिकारी दौलाडा, एसएमसी अध्यक्ष रोशन लाल सैनी, शारीरिक शिक्षक रामप्रताप सिंह, शिक्षाविद कृपाशंकर सोलंकी मौजूद रहे।




राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बीबनवा में भीषण गर्मी को मध्यनजर रखते हुए भामाशाहों द्वारा बच्चों को जूते चप्पल वितरित किए गए।

## परशुराम जयन्ती महोत्सव के कार्यक्रमों का आगाज कल

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान ब्राह्मण महासभा जिला बून्दी के तत्वाधान में परशुराम जयंती महोत्सव के तहत 28 अप्रैल को माता अनुसूया जयंती के साथ ही परशुराम जयंती महोत्सव के

■ **वरिष्ठ युगल जोड़ों का सम्मान होगा**

कार्यक्रमों का आगाज होगा। जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच एवं कार्यकारी अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ युगल सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें वरिष्ठ युगल 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युगल जोड़ों को सम्मानित किया जाएगा। परशुराम जयंती संयोजक हनुमान सहाय शर्मा एवं प्रवक्ता नूतन तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत माता अनसूया जयंती पर प्रकाश डाला।

# श्री रामकथा में बताया सुंदरकांड का महत्व

**बून्दी** (निसं)। श्रीराम कथा के आठवें दिन व्यासपीठ पर विराजमान राधे राधे महाराज ने सुंदरकांड का महत्व बताते हुए राम सुग्रीव मित्रता, सीता का पता लगाना, लंका दहन एवं श्री रामेश्वर महादेव की कथा का विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान राधे राधे महाराज ने संगीत की धुन पर राम सुग्रीव मित्रता, माता सीता का पता लगाना, लंका दहन एवं भगवान राम द्वारा श्री रामेश्वर महादेव की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए उदाहरण के साथ रामायण के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी लोगों से रामायण का अध्ययन करने एवं पाठ पठन करने पर जोर दिया। आयोजन समिति के संयोजक प्रवीण नामा, अनीता नामा ने बताया कि हनुमान धर्मशाला स्थित श्री हनुमान मंदिर में श्री राम कथा के आठवें दिन श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों ने पूजा एवं आरती के साथ

■ **राम सुग्रीव मित्रता, सीता का पता लगाना, लंका दहन एवं श्री रामेश्वर महादेव की कथा का विस्तार से वर्णन किया**

श्री राम कथा की शुरुआत की।

इस मौके पर भगत सिंह कुशवाह, कैलाश गुप्ता, महेश मित्तल, लीलाधर शर्मा, हुकुम वैष्णव, सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक ने पूजा अर्चना कर आरती उतार कर कथा प्रारंभ करवाई। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष अशोक डिंगल, महामंत्री भंवर सिंह, राहुल जैन आदि श्री राम कथा को व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। वहीं रामकथा का समापन 28 अप्रैल को महाआरती व प्रसाद वितरण से होगा।

# नर्सिंग महाविद्यालय में वाटर प्यूरीफायर लगाया




बून्दी ऊर्जा ने छात्र-छात्राओं के लिए एक सीपीआर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया।

**बून्दी** (निसं)। जेसीआई बून्दी ऊर्जा द्वारा राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में वॉटर प्यूरीफायर लगाया गया। गौरतलब हैं कि नर्सिंग महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को पीने के साफ पानी के लिए बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

नर्सिंग महाविद्यालय के प्रधानाचार्य व छात्र-छात्राओं के आग्रह पर जेसीआई ने वॉटर प्यूरीफायर लगवाया। पेयजल की समस्या का समाधान पाकर छात्र प्रसन्न नजर आये तथा बून्दी ऊर्जा की टीम का आभार जताया। वहीं इस दौरान बून्दी ऊर्जा ने 120 छात्र-छात्राओं के लिए एक सीपीआर अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया। सीपीआर अवेयरनेस के बारे में विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया डॉ. पुरुषोत्तम महावर एवं डॉ. राजीव द्वारा डेमो सहित सीपीआर का समय, स्थिति, नियंत्रण आदि सीपीआर के चरणों के विषय में बताया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मेघा नुवाल, सचिव प्रियंका काल्या मूंदड़ा, पूर्व अध्यक्ष श्वेता भंडारी, प्रियंका जाजू, रानू खंडेलवाल, डॉ. मंजू युगल रुचिका माहेश्वरी, अंकित अग्रवाल, सुनीता सोमानी मौजूद रही।

## शिविर में 36 यूनिट रक्त संग्रहित

**बूंदी** (निसं)। देवपुरा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बूंदी, देवली, हिंडोली के महिला व पुरुषों में बढ चढकर 36 यूनिट रक्तदान किया।

महेश चांदवानी ने बताया हर वर्ष मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति 24 अप्रैल का दिन संपूर्ण निरंकारी जगत द्वारा देश मे रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है।

यह दिनयुग प्रवर्तकबाबा गुरबचन सिंह के परोपकारी जीवन एवं उनकी लोक कल्याण की भावना को समर्पित है। इस वर्ष चिकित्सालय में रक्त की कमी के चलते एक माह पहले रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें 89 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ।

युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा सन् 1986 से आरम्भ हुई परोपकार की यह मुहिम, महाअभियान के रूप में आज अपने चरमोत्कर्ष पर है। इन शिविरों में अभी तक 13,31,906 यूनिट रक्तमानव मात्र की भलाई हेतु दिया जा चुका है और यह सेवाएं निरंतर जारी है।

भारत में संत निरंकारी मिशन की 207 ब्रांच द्वारा 50000 यूनिट रक्तदान किया गया।

# स्कूल से घर लौट रही महिला शिक्षिका से मारपीट कर आभूषण छीने

**झालावाड़** (निसं)। जिले में ग्राम मंगाल के स्कूल से घर लौट रही महिला शिक्षिका से बदमाश गहने लूटकर भाग गया इससे पहले उसने महिला से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

प्राथमिक विद्यालय मंगाल में कार्यरत अध्यापिका चंद्रलेखा बलोत स्कूल से पैदल रोड तक जा रही थी उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला शिक्षिका पर ताबडतोड लातों, घूसों से हमला कर दिया, महिला के आगे के दांत तोड़ दिए और नाक, कान के टॉप्स, मंगल सूत्र, अंगूठी आदि सोने के

■ **शिक्षिका पर ताबड़तोड़ लातों, घूसों से हमला कर कर महिला के आगे के दांत तोड़ दिए**

आभूषण हत्यारे के द्वारा निकाल लिय गए जिससे महिला लहूलुहान हो गई जेसे ही अज्ञात व्यक्ति द्वारा अध्यापिका को मारने के लिय रिवाल्वर या तमंचा निकाला गया उसी समय मोटर साइकल पर सवार दो व्यक्ति को देखकर लुटेरा भाग गया।



झालावाड़ में बदमाश ने शिक्षिका से मारपीट कर घायल कर दिया जिसका अस्पताल में ईलाज चल रहा है।

घायल शिक्षिका को झालरापाटन के सेटेलाइट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है तथा उसका मेडिकल करवाया गया है।

सदर थाना प्रभारी भूपेश ने बताया कि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगाल की शिक्षिका चन्द्रलेखा भालोत स्कूल से घर लौट रही थी इस दौरान एक बाइक सवार बदमाश ने महिला को अकेली पाकर रोड पर मारपीट की इससे महिला अधमरी हालात में हो गई महिला ने शिकायत में बताया कि बदमाश उसके कान की बालियां, मंगलसूत्र और नाक की लॉग लूटकर ले गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि महिला का झालरापाटन के सेटेलाइट हॉस्पिटल में इलाज जारी है शिक्षिका झालावाड़ के अमन होटल के पीछे स्थित अशोक विहार कॉलोनी की निवासी है।